# 15. चिट्ठी आई है

प्रिय सहेली बेबी,　　　　　　　　　　　　　　　　　भगवानपुरहाट
नमस्ते ।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　08/11/11

कैसे ?

आज तुम्हारा पत्र मिला। मुझे यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई कि तुम बिहार में होने वाले छठ पर्व के बारे में जानना चाहती हो।

हमारे बिहार में छठ पर्व का बड़ा ही महत्व है। यहाँ गाँव या शहर हर क्षेत्र में छठ व्रत धूम-धाम से मनाया जाता है। यह व्रत कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। लगभग हर घर में छठ पूजा की जाती है। लोग कई तरह की मन्नतें छठी मइया से माँगते हैं तथा पूरी होने पर व्रत रखते हैं।

में सुनाइए ।

कार्तिक महीने के प्रारंभ से ही लोग इस पावन पर्व की तैयारियों में लग जाते हैं। इस अवसर पर लोग घरों एवं गलियों की सफ़ाई करते हैं। घाटों एवं घाट तक जाने वाले रास्ते की भी साफ़-सफ़ाई की जाती है। चारों ओर छठ के गीत सुनाई देने लगते हैं। लगभग सभी परदेशी गाँव आ जाते हैं। यह व्रत चार दिनों तक चलता है, जिसमें सभी वर्ग के स्त्री-पुरुष व्रत रखते हैं। इस व्रत में जात-पात का भेद-भाव बिल्कुल नहीं रह जाता है।

यह व्रत नहाय-खाय से प्रारंभ होता है। नहाय-खाय के दूसरे दिन खरना होता है। इस दिन व्रती दिनभर उपवास रखने के बाद रात्रि में रोटी और खीर से खरना करते हैं तथा प्रसाद बाँटते हैं। फिर षष्ठी के दिन लोग नहा-धोकर नए कपड़े पहन छठ करने के लिए घाट पर जाते हैं। यहाँ व्रती नदी या तालाब के तट पर डूबते हुए सूर्य को फल तथा पकवान से अर्घ्य देकर पूजन करते हैं।

वापस घर आकर शाम को आँगन में ईख तथा ठेकुआ से कोसी भर कर छठ का गीत गाकर आरती करते हैं।







सुबह
हैं। यह अर्घ
ग्रहण करते
इस प्र
छठ पर्व की
ज़रूर करना
तुम्हार


हर्षोल
अर्घ
अर्घ्य
षष्ठी
पारण
व्रती
प्रयास




सुबह होने पर लोग पुनः घाट पर जाकर उगते हुए सूर्य का पूजन कर अर्घ देते हैं। यह अर्घ गाय के कच्चे दूध तथा घी से दिया जाता है। घर आकर सभी व्रती प्रसाद ग्रहण करते हैं तथा प्रसाद बाँटकर पारण करते हैं।

इस प्रकार हमारे बिहार में छठ पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है। मैं तुम्हें छठ पर्व की कुछ फोटो भेज रही हूँ। अगले छठ में तुम हमारे गाँव आने का प्रयास ज़रूर करना।

तुम्हारी सहेली
सलोनी



–पाठ्यपुस्तक विकास समिति



| शब्दार्थ | | |
|---|---|---|
| **हर्षोल्लास** | – | खुशी-खुशी से, हर्ष और उल्लास के साथ |
| **अर्घ** | – | पूजन के लिए दूध और जल अर्पित करना |
| **अर्घ्य** | – | अर्पित की जाने वाली सामग्री |
| **षष्ठी** | – | छठी |
| **पारण** | – | उपवास के समाप्त होते अन्न ग्रहण कर व्रत तोड़ना |
| **व्रती** | – | व्रत करने वाला या वाली |
| **प्रयास** | – | कोशिश करना |

## अभ्यास

### बातें यहाँ-वहाँ की

1. सलोनी ने बेबी को चिट्ठी लिखकर छठ पर्व के बारे में बताया। किसी दूर बैठे व्यक्ति तक अपनी बात पहुँचाने के और कौन-कौन से साधन हो सकते हैं?
2. टेलीफोन/मोबाइल और चिट्ठी के द्वारा अपनी बात बताने में क्या अंतर होगा?
3. आप छठ पर्व कैसे मनाते हैं?
4. केरवा [illegible] जे फरे [illegible] ला घवद से [illegible] ..........। (छठ पर गाए जाने वाले इस गीत को आप सभी ने सुना होगा। छठ पर्व पर गाए जाने वाले अन्य गीत सुनाइए।)
5. क्या आपने कभी अपने मित्र को पत्र लिखा है? उसमें क्या-क्या लिखा था?

### बात चिट्ठी की

1. छठ कब और क्यों मनाया जाता है?
2. छठ पर्व कितने दिनों का होता है? उन दिनों क्या-क्या किया जाता है?
3. घाट पर जाने से पहले क्या-क्या तैयारियाँ की जाती हैं?
4. छठ पर्व पर प्रसाद में कौन-कौन सी चीज़ें होती हैं? उनकी एक सूची बनाइए।

### आपकी बातें



1. आपको कौन-सा त्योहार अच्छा लगता है और क्यों?
2. छठ पर्व की कौन-सी बात आपको सबसे अच्छी लगती है और क्यों?
3. भारत के अन्य किन्हीं तीन राज्यों के प्रसिद्ध त्योहारों की सूची बनाइए और बताइए कि इस अवसर पर क्या-क्या होता है और कौन-कौन से पकवान बनाए जाते हैं?

| राज्यों के नाम | प्रसिद्ध त्योहार | क्या करते हैं | मुख्य पकवान/व्यंजन |
| --- | --- | --- | --- |
| | | | |
| | | | |

## चिट्ठी-पत्री

1. पता कीजिए कि संदेश भेजने के लिए पहले किन-किन साधनों का प्रयोग किया जाता था?
2. हरकारों (पत्र ले जानेवाले) को किन-किन परेशानियों का सामना करना पड़ता होगा?
3. चिट्ठी के लिफाफे या पोस्टकार्ड पर क्या-क्या लिखा जाता है और क्यों?
4. आप भी नीचे दिए गए लिफाफे के आगे-पीछे पाने वाले और भेजने वाले से जुड़ी जानकारी लिखिए –

   मान लीजिए कि चिट्ठी भेजने वाले आप हैं और चिट्ठी पाने वाला आपका मित्र!

5. **आप अपने घर में कोई पुरानी चिट्ठी ढूँढ़िए। उसे देखिए और नीचे दिए गए सवालों के जवाब लिखिए–**

   (क) पत्र किसने लिखा?

   (ख) किसे लिखा ?

   (ग) किस तारीख को लिखा?

   (घ) यह पत्र किस डाकखाने में और किस तारीख को पहुँचा?

   (ङ) यह उत्तर आपको कैसे पता चला?

6. **चिट्ठी भेजने के लिए आमतौर पर पोस्टकार्ड, अंतर्देशीय पत्र या लिफाफा इस्तेमाल किया जाता है। इनका मूल्य पता करके लिखिए –**

   - पोस्टकार्ड -----------------
   - अंतर्देशीय पत्र -----------------
   - लिफाफा -----------------

**बात पते की**

1. 'पिन'(PIN) भारत में शब्द पोस्टल इंडेक्स नंबर का छोटा रूप है। किसी भी जगह का पिनकोड 6 अंकों का होता है। हर अंक का एक खास मतलब होता है, जैसे–
   - पहला अंक बताता है कि यह पिनकोड किस राज्य का है—बिहार, दिल्ली, उड़ीसा या फिर किसी और राज्य का।
   - दूसरे दो अंक यह बताते हैं कि राज्य के किस उपक्षेत्र का कोड है।
   - अगले तीन अंक बताते हैं कि यह ऐसे डाकघर का कोड है जहाँ से डाक बाँटी जाती है।
2. आप जहाँ रहते हैं वहाँ का पिन कोड क्या है?
3. आपके स्कूल का पिन कोड क्या है?
4. अपने किसी रिश्तेदार का पता पिन कोड के साथ लिखिए–

..........................................................................................................

..........................................................................................................

**भाषा के नियम**

1. **सही कारक-चिह्नों से वाक्य पूरे कीजिए –**

**का, में, ने, को, के लिए, से, पर**

(क) हमारे बिहार -------------- छठ पर्व ------------ बड़ा महत्व है।

(ख) मौसी जी -------------- प्रसाद ले आओ।

(ग) मुन्ना ने सूप -------------- चावल फटका।

(घ) सलोनी -------------- बेबी -------------- चिट्ठी लिखी।

(ङ) सभी बच्चे छत -------------- बैठ गए।

2. **नीचे दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्दों पर घेरा लगाइए–**

(क) लगभग हर घर में पूजा की जाती है।

(ख) लगभग सभी परदेसी गाँव आ जाते हैं।

(ग) इसमें प्रसाद भी वितरित करते हैं।

(घ) चिट्ठी का जवाब ज़रूर लिखना।



3. हर्ष
(क)
(ख)
(ग)
(घ)
4. इनके
5. सही
(क)
(ख)
(ग)
(घ)
(ङ)

कुछ करने

1. छठ
साथि
2. माँ
कौन-

14 ( नि:शुल्क )

। किसी भी
मतलब होता

हार, दिल्ली,

कोड है।
जहाँ से डाक

च है।

3. **हर्ष** + **उल्लास** से **'हर्षोल्लास'** शब्द बना है । आप भी नए शब्द बनाइए –

(क) महा । उत्सव : ------------------------

(ख) आनंद उत्सव : ------------------------

(ग) सूर्य । उदय : ------------------------

(घ) चंद्र उदय : ------------------------

**4. इनके मतलब समझाइए –**

- शुक्ल पक्ष – ------------------------------------------------
- षष्ठी तिथि – ------------------------------------------------
- अर्घ्य देना – ------------------------------------------------
- व्रती – ------------------------------------------------
- कार्तिक महीना – ------------------------------------------------
- परदेसी – ------------------------------------------------
- मन्नत – ------------------------------------------------

**5. सही उत्तर पर (✓) लगाइए –**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) प्रसन्नता' का अर्थ है | – | मजा, | खुशी, | दुख |
| (ख) 'तैयारी' का बहुवचन रूप है | – | तैयारीं, | तैयारे, | तैयारियाँ |
| (ग) 'पुरुष' का बहुवचन रूप है | – | पुरुषें, | पुरुष, | पुरुषों |
| (घ) 'घर में' का बहुवचन रूप है | – | घर में, | घर, | घरों में |
| (ङ) 'रात्रि' का विलोम शब्द है | – | रात, | दिवस, | उजाला |

**कुछ करने के लिए**

1. छठ पर्व पर गाए जाने वाले कुछ गीतों को इकट्ठा करके लिखिए और अपने साथियों के साथ गाइए ।
2. माँ जब बच्चे को सुलाती है या जब धान की फसल कटती है तो अक्सर कौन-से गीत गाए जाते हैं? पता करके लिखिए और गाइए ।

***